मुहर्रम पर संवेदनशील स्थानों पर रहेगी विशेष सतर्कता : डीएम

असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने व अफवाहों का त्वरित खंडन करने का निर्देश

सीसीटीवी से की जायेगी जुलूस की निगरानी

पटना/संवाददाता। डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं एसएसपी राजीव मिश्रा ने कहा कि मुहर्रम पर विधि-व्यवस्था संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्रीय पदाधिकारीगण आसूचना तंत्र को सुदृढ़ एवं सक्रिय रखें तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कतामूलक कार्रवाई करें। अधिकारीद्वय गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में इस विषय पर आयोजित एक बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। डीएम व एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को क्रियाशील रखें तथा अफवाहों का त्वरित खंडन करें। पर्व के दौरान विशेष सर्तकता बरतें। सजग एवं भ्रमणशील रहें। दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, चिकित्सकों एवं ड्यूटी पर तैनात अन्य पदाधिकारियों तथा कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। आवश्यकता पड़ने पर डायल-112 का प्रभावी इस्तेमाल करें। विदित हो कि इस वर्ष मुहर्रम 17 जुलाई को मनाये जाने की सूचना है। डीएक ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों सहित सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों को सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ सार्थक संवाद कायम रखने का निर्देश दिया।

इस्कॉन मंदिर से युवक गायब, पुजारी समेत तीन से थाने में की गयी पूछताछ

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। पटना इस्कॉन मंदिर से 28 वर्षीय युवक के गायब होने का मामला सामने आया है। युवक का नाम मुलायम कुमार बताया जाता है, जो खगड़िया के अलौली प्रखंड के संझौती गांव का रहने वाला है। युवक के भाई कृष्ण कुमार ने कोतवाली थाने में गुमशुदगी की लिखित शिकायत की है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। गायब युवक मुलायम के भाई कृष्ण कुमार ने बताया कि बीते 6 जुलाई को मुलायम अपने गांव संझौती से पटना आया था। उसी दिन रात में 9 बजे बात हुई थी। उसने बताया कि इस्कॉन मंदिर में हैं। इसके बाद उसका दोनों मोबाइल बंद बताने लगा। उन्होंने बताया कि उसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। किसी पर शक भी नहीं है। हम लोग चाहते हैं कि एक बार उसके बारे में जानकारी मिल जाए। मुलायम हमेशा पूजा-पाठ की बात करता था। कृष्ण की भक्ति में रहता था। जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल होने के लिए पटना गया था। जांच में जुटी पुलिस गुरुवार को कोतवाली इस्कॉन मंदिर पहुंची। जांच के दौरान मंदिर के एक पुजारी और यूथ फॉर्म के दो सदस्यों को थाने लेकर पहुंची और पूछताछ की। इसकी पुष्टी थानाध्यक्ष ने करते हुए कहा कि पूछताछ के लिए लाया गया था। अभी तक कुछ जानकारी पुलिस को हाथ नहीं लगी है। पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुटी है। हालांकि इस्कॉन मंदिर से युवक के गायब होने का यह पहला मामला नहीं है। मंदिर से युवक के गायब होने का यह दूसरा मामला है। इसके पूर्व भी में एक 15 वर्षीय लड़के के गायब होने का आरोप पटना इस्कॉन मंदिर के व्यवस्थापकों पर लगाया था

प्रत्यय अमृत के नाम पर साइबर फ्रॉड, अधिकारियों से मांगे रुपये

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। साइबर अपराधियों ने स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव प्रत्यय अमृत को अपना निशाना बनाया है। अपराधियों ने उनके नाम पर अधिकारियों से रुपये मांगे हैं। वॉट्सऐप कॉल और मैसेज करके विभाग के अधिकारियों से रुपये की डिमांड की जा रही है। अधिकारियों को गुमराह करने के लिए साइबर अपराधियों ने वॉट्सऐप अकाउंट में प्रत्यय अमृत की तस्वीर भी लगा रखी है। इसकी जानकारी मिलने के बाद प्रत्यय अमृत आर्थिक अपराध इकाई को एक लेटर लिखकर शिकायत की है। इस मामले में ईओयू ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। ईओयू पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। प्रत्यय अमृत ने ईओयू के डीआईजी को लेटर लिखकर बताया कि स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के पास मोबाइल नंबर से वॉट्सऐप मैसेज और कॉल किया गया है। इसमें मेरी तस्वीर भी लगायी गयी है। यह तस्वीर गलत है और ना ही स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों को मेरे द्वारा कॉल या मैसेज किया गया है। ऐसे में फर्जी नंबर को तत्काल बंद करते हुए इसकी जांच की जाए और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। ईओयू ने मामले पर तत्काल संज्ञान लिया है। पूरे मामले की तफ्तीश में जुटी है।

अपराधियों ने की बिजली मिस्त्री की गोली मारकर हत्या

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। राजधानी में अपराधियों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। अपराधियों ने एक बार फिर बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। बुधवार की देर रात राजाबाजार, जगदेव पथ से लगे एक गली में बिजली मिस्त्री राकेश कुमार को गोली मार दी। इलाज के दौरान राकेश की मौत हो गयी। सूचना मिलने के बाद तुरंत हवाई अड्डा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची थी। घायलावस्था में पुलिस ने इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में राकेश को भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गयी।

नाम परिवर्तन

मैं, मो. जावेद खान, पुत्र मो. अबदुल खैर खॉ क्वाटर नं. 793/800 लाल बहादुर शास्त्री नगर थाना शास्त्रीनगर पटना 800023 बिहार के नाम से जाना जाउंगा। मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम मो. जावेद खान अंकित है, जो गलत है। मेरा सही नाम जावेद अहमद खान है। अब मैं जावेद अहमद खान के नाम से ही जाना जाउंगा। शपथ पत्र सं. 332 दिनांक 3.7.24.

गर्भवती महिला के पैंक्रियाटिक डक्ट स्टोन का ऑपरेशन कर चिकित्सकों ने बचायी जान

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। चार महीने की गर्भवती महिला शाइना परवीन (25 वर्ष) की सर्जरी के बाद डॉक्टरों ने जच्चा व बच्चा दोनों को नयी जिंदगी दी है। भयंकर पेट दर्द से परेशान महिला की सर्जरी शहर के एसकेपुरी बसावन पार्क स्थित श्रीराम सुपर स्पेशयलिटी एंड रेफरल हॉस्पिटल में किया गया। यह सर्जरी गैस्ट्रो सर्जन डॉ संजीव कुमार और उनकी टीम ने की। डॉ संजीव ने बताया कि तेज दर्द होने के बाद मरीज शहर के कई बड़े सरकारी व प्राइवेट अस्पताल पहुंची लेकिन गर्भवती होने की वजह से अधिकांश अस्पतालों ने रिक्स नहीं लिया। परिजनों ने अस्पताल में आकर संपर्क किया। जांच में पैंक्रियाटिक डक्ट स्टोन बीमारी की पुष्टि हुई। डॉक्टरों के मुताबिक, महिला की व्हिपल्स सर्जरी (पेट की निचले हिस्से के एक जटिल सर्जरी) की गई है। दुनियाभर में इस सर्जरी की मदद से गर्भवती महिलाओं के इलाज के गिन-चुने मामले सामने आए हैं। वहीं परिजन राजकुमार ने बताया कि सर्जरी के दौरान मां व बच्चे दोनों को सफलतापूर्वक बनाकर नया जीवन दिया गया है। उन्होंने बताया कि जब महिला मरीज को पता चला कि वह पैंक्रियाटिक डक्ट स्टोन नामक बीमारी से पीड़ित हैं, उस समय वह चार महीने की गर्भवती थी। इस हालत में ऑपरेशन करने से मां और बच्चे की जान को खतरा हो सकता था लेकिन अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने तालमेल से काम किया और सर्जरी करके स्टोन निकाल दिया। सर्जरी टीम में डॉ संजीव, राजकुमार, डॉ नशीम अख्तर, डॉ अरविंद आदित्य, बैद्यनाथ आदि डॉक्टर शामिल थे।

जिलाधिकारी ने किया केंद्रीय विद्यालय का निरीक्षण

हाजीपुर/संवाददाता। डीएम यशपाल मीणा ने गुरुवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) हाजीपुर के परिसर में संचालित केंद्रीय विद्यालय के साथ-साथ डायट एवं अभ्यास मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। डीएम ने निरीक्षण के क्रम में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि विद्यालय की क्षतिग्रस्त कमरों, छत ,बरामदा, खिड़की एवं शौचालय आदि की शीघ्र मरम्मती कराया जाए। उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य को निर्देश दिया कि पठन-पाठन सुचारू रूप से चलाया जाए। डीएम ने डायट भवन के छात्रावास किचन आदि का भी निरीक्षण किया। छात्रावास में रह रहे प्रशिक्षु छात्रों से भी फीडबैक लिया।

सरकारी और निजी स्कूलों में समन्वय से बनेगा शिक्षा का बेहतर माहौल : डीएम

हाजीपुर/संवाददाता। डीएम यशपाल मीणा ने स्कूली बच्चों में पाठ्येतर क्रियाकलापों को प्रोत्साहित करने के लिए गुरुवार को एक अभिनव प्रयोग किया। समाहरणालय सभागार में सरकारी विद्यालय एवं निजी विद्यालय के बच्चों के बीच निबंध, डिबेट एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। मौके पर डीएम ने कहा कि सरकारी और निजी विद्यालयों में सतत समन्वय एवं ज्ञान तकनीक एवं विचारों का आदान-प्रदान होते रहना जरूरी है। इससे शिक्षा का एक बेहतर माहौल बनेगा। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे एक दूसरे से निरंतर संपर्क में रहकर एक दूसरे की अच्छाइयों को ग्रहण करें, ताकि समाज के सभी बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने सरकारी और निजी स्कूल के बच्चों से राय मांगी की क्या ऐसा है, जो सरकारी स्कूल में है और जिसे प्राइवेट स्कूल में भी अंगीकार किया जा सकता है। इस अनोखे आयोजन में शामिल होकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। प्रतियोगिता में सरकारी और निजी विद्यालयों के 180 बच्चों ने भाग लिया।

kotak
Kotak Mahindra Bank

कब्जा सूचना

कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

पंजी.कार्या.: 27 बीकेसी, सी 27, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला काम्पलेक्स, बांद्रा (ई), मुम्बई, पिन कोडः 400051, शाखा कार्या.: कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, 7वीं मंजिल, प्लॉट नंबर 7, सेक्टर – 125, डेल कैंपस के पास, नोएडा, उ.प्र.–201313

जबकि, अधोहस्ताक्षरी **कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत और धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग के साथ पठित सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 ने उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किया, जैसा कि नीचे विस्तृत है, संबंधित उधारकर्ताओं को 60 दिनों के भीतर भुगतान की वास्तविक तिथि तक सभी लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए कहा गया है। उसी की प्राप्ति की तिथि से उक्त ऋणी/सह–उधारकर्ता (ओं) द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं/सह–उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद्वारा नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। उस पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उक्त नियमों के आर/डब्ल्यू नियम 8 के साथ–साथ उल्लिखित तिथियों पर उधारकर्ताओं को विशेष रूप से और आम तौर पर सार्वजनिक रूप से सावधान किया जाता है कि वे संपत्तियों के साथ सौदा न करें और संपत्तियों के साथ कोई भी लेनदेन कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जिसमें भविष्य के ब्याज, लागत और संबंधित तिथियों से शुल्क शामिल होंगे। सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। धारा 13(2) के तहत उधारकर्ताओं, अनुसूचित संपत्ति, बकाया राशि, मांग नोटिस का विवरण और उसके तहत दावा की गई राशि, कब्जे की तिथि नीचे दी गई है:

ऋणी का नाम और पता, सह–ऋणी, ऋण खाता संख्या, ऋण राशि	अचल संपत्ति का विवरण	1. कब्जे की तिथि 2. कब्जे का प्रकार 3. मांग सूचना दिनांक 4. देय राशि रु.
श्री मोहम्मद अल्तमश पुत्र श्री मोहम्मद कायश आलम और श्री अब्दुल कय्यूम पुत्र श्री यूनुस दोनों यहाँ परः ककोरा वार्ड नं. 8, सेखरा टोला, जामा मस्जिद, ककोरा, बागनगर, अररिया, गढ़बनैली, बिहार– 854325. **मैसर्स टुडेज़ फैशन इसके प्रोपराइटर श्री मोहम्मद अल्तमश के माध्यम से पताः** जलागढ हरचंदपुर, पूर्णिया गढ़बनैली– 854325. **ऋण खाता संख्याः** U12BLSFX478324 **ऋण राशिः** रुपये 8,22,000/–(आठ लाख बाईस हज़ार रुपये मात्र)	संपत्ति का वह पूरा भाग जिसका खाता संख्या 183, खेसरा संख्या 1164 और 1165 है, जिसका क्षेत्रफल 02 डिसमल और 01 कारी है, जो गांव हरचंदपुर, जलालगढ़, मौजा हरचंदपुर, थाना संख्या 165, प्रखंड जलालगढ़, जिला पूर्णिया में स्थित है। सीमाएं इस प्रकार हैः पूर्वः जियाउद्दीन, पश्चिमः पिच रोड, उत्तरः सरबरी कैसर, दक्षिणः रास्ता 8 फीट। **बंधककर्ता का नामः** श्री मोहम्मद अल्तमश और श्री अब्दुल कयूम	1. 10.07.2024 2. **प्रतीकात्मक कब्ज़ा** 3. 23.01.2024 4. रु.8,22,186.04/–(रूपये आठ लाख बाईस हजार एक सौ छियासी और चार पैसे मात्र) 10.01.2024 तक देय और भुगतान योग्य, 11.01.2024 से पूर्ण भुगतान तक लागू ब्याज के साथ।
राजेश कुमार गुप्ता पुत्रः गंगा प्रसाद गुप्ता और साईं फूड्स और शैल गुप्ता यहाँ परः वार्ड नंबर 17, घोष लेन, समस्तीपुर, बिहार, 848101. **ऋण खाता संख्याः** U47BLSGG084093 **ऋण राशिः** रु. 7,20,000/–(सात लाख बीस हजार रुपये मात्र)	अचल संपत्ति का वह पूरा भाग जो आवासीय प्रकृति का है और जिसका क्षेत्रफल लगभग 12 धूर है, मौजाः मगरदही, जिला समस्तीपुर में नगरपालिका वार्ड संख्या 07, रजिस्ट्री समस्तीपुर अंचल– समस्तीपुर, परगना हवेली, थानाः रानी गंज, तौजी संख्या 4426, थाना संख्या 179, प्लॉट संख्या 432, खाता संख्या 397 पर स्थित है। **बंधककर्ता का नामः** शैल गुप्ता	1. 09.07.2024 2. **प्रतीकात्मक कब्ज़ा** 3. 29.12.2023 4.रु.8,14,970/–(रूपये आठ लाख चौदह हजार नौ सौ सत्तर रुपये मात्र) 09.11.2023 तक देय और भुगतान योग्य, 19.11.2023 से पूर्ण भुगतान तक लागू ब्याज के साथ।

किसी भी प्रश्न के लिए कृपया श्री शैलेन्द्र सिंह (+919811638929) और श्री अरविंदकुमार तिवारी (+919810698044) से संपर्क करें

स्थानः बिहार, दिनांकः 12.07.2024 अधिकृत अधिकारीः कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

फिट्जी का एडमिशन-कम-स्कॉलरशिप टेस्ट 14 जुलाई व 04 और 11 अगस्त को

पटना/संवाददाता। फिट्जी का एडमिशन-कम-स्कॉलरशिप टेस्ट 14 जुलाई व 04 एवं 11 अगस्त को होगा। जिसमे यह टेस्ट सिर्फ ग्यारवीं पास छात्रों के लिए है जो अप्रैल 2025 मे शुरू होने वाले शैक्षनिक प्रवेश परीक्षा जैसे एफटीआरई, बिगबैंग एज, द्रोणाचार्य 1 एवं द्रोणार्चाय 2 में सफलता चाहते हैं। फिट्जी का एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट प्रोक्टेड ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में आयोजित किया जा रहा है। फिट्जी क्लासरूम प्रोग्राम विधार्थियों को भौतिकी, रसायन, तथा गणित को समझने में मददगार होगी। साथ ही, यह उनके एनालाईटेकिल तथा पैरलल थिंकिंग प्रोसेस के लिए अच्छा हैं और उन्हें कठिन तथा ट्रिकी प्रश्नों को बनाने में सक्षम बनाता हैं। फिट्जी ने बताया कि फिट्जी क्लासरूम प्रोग्राम विद्यार्थियों को जेईई मेन और एडवांस, एफटीआरई, बिगबैंग एज, द्रोणाचार्य 1 एवं द्रोणार्चाय 2 के लिए तैयार करता है। दसवीं बोर्ड परीक्षा 2025 में शामिल वैसे बच्चे जो आईआईटी जेईई 2026 की तैयारी करना चाहतें है उनके लिए दो वर्षीय रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम का दीर्घकालिक फोकस आपके आईक्यू को बढाना है यानी विश्लेषणात्मक कौशल और मानसिक क्षमता को तेज करना और आपकी सोचने की प्रक्रिया को विकसित करना है।

संपतचक के धमौल में ठनका गिरने से स्कूली छात्र की मौत

फुलवारीशरीफ/संवाददाता। संपतचक के धमौल में ठनका गिरने से स्कूली छात्र 15 वर्षीय अमित कुमार की मौत हो गयी। हादसे के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घटना उसे उस वक्त हुई जब अमित कुमार बारिश के बीच अपने घर लौट रहा था। अचानक अमित के ऊपर जोरदार आवाज के साथ बिजली गिरने के बाद वह झुलस गया। घटना को देखनेवाले लोग भी वहां सन्न रह गए और आनन-फानन उसे बचने के प्रयास में लग गए।

आज से सहरसा और सुपौल के बीच चलेगी नयी मेमू पैसेंजर ट्रेन

पटना/संवाददाता। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर 12 जुलाई से सहरसा और सुपौल तथा सहरसा और दौरम मधेपुरा के मध्य एक-एक जोड़ी नयी मेमू पैसेंजर ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। इसकी जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई से गाड़ी सं 05279 सहरसा-सुपौल मेमू पैसेंजर सहरसा से 04.45 बजे खुलकर 05.40 बजे सुपौल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05280 सुपौल-सहरसा मेमू पैसेंजर सुपौल से 06.05 बजे खुलकर 07.00 बजे सहरसा पहुंचेगी। वहीं 12 जुलाई से गाड़ी सं 05251 सहरसा-दौरम मधेपुरा मेमू पैसेंजर सहरसा से 12.30 बजे खुलकर 13.15 बजे दौरम मधेपुरा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05252 दौरम मधेपुरा -सहरसा मेमू पैसेंजर दौरम मधेपुरा से 14.40 बजे खुलकर 15.30 बजे सहरसा पहुंचेगी।

29 अगस्त को राजगीर खेल एकेडमी का होगा उद्घाटन : महानिदेशक

पटना/का.सं। बिहार के खिलाड़ियों को जल्द ही आधुनिक सुविधा से लैस एकेडमी की सौगात मिलने वाली है। राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर 29 अगस्त को राजगीर में नवनिर्मित खेल एकेडमी का उद्घाटन होगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने इसकी जानकारी दी। इसके उद्घाटन के साथ ही यहां राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर खेल सम्मान समारोह का आयोजन भी होगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन पोर्टल खुल चुका है। महानिदेशक ने बताया कि इस एकेडमी के शुरू होने पर राज्य के खिलाड़ियों के सुनहरे भविष्य की नयी राह खुलेगी। यह बिहार की पहली खेल एकेडमी है। इस खेल एकेडमी में लाइब्रेरी और स्विमिंग पूल छह ब्लॉकों में बंटी है।

करंट से किशोर की मौत

हाजीपुर/लालगंज/संवाददाता। जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के भगवानपुर पकड़ी निवासी मुकेश रजक के 13 वर्षीय पुत्र मंजेश कुमार की करंट लगने से मौत हो गयी। मंजेश के चाचा मनीष रजक का गुरुवार को मरवा मटकोर तथा शुक्रवार को मुजफ्फरपुर बारात जाना था। इसी बीच टेंट वाला कहीं बाहर चला गया और मंजेश किसी काम से उस जगह पहुंचा जहां टेंट वाला नंगा तार का जाल बिछाए हुए था।

बाजार में बउलाव लाने के लिए तैयार है सोनाटा

पटना/संवाददाता। सोनाटा अपनी नयी पहचान और नयी प्रोडक्ट रेंज के साथ बाजार में बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार है। खासतौर पर शहरी एवं उपशहरी क्षेत्रों में अपने करियर की शुरुआत करनेवाले युवा पेशेवरों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, डिजाइनों पर नया दृष्टिकोण पेश करना इस नयी पहचान का मुख्य उद्देश्य है। स्लीक और आधुनिक नए लुक के साथ सोनाटा ब्राण्ड के आकर्षण और उत्साह को बढ़ाने जा रहा है और अपनी नयी पहचान के साथ आज के दौर के युवाओं को लुभाने के लिए तैयार है। हैड ऑफ ब्राण्ड, सोनाटा प्रतीक गुप्ता ने कहा कि सोनाटा की नयी पहचान को पेश करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

बिहार ग्रीन बजट लागू करने वाला बना देश का पहला राज्य : बंदना प्रेयसी

पटना/संवाददाता। विश्व जनसंख्या दिवस पर यूनिसेफ बिहार के सहयोग से सीआईएमपी के सेंटर फॉर क्लाइमेट रेजिलिएंस, डिजास्टर रिस्क रिडक्शन और वॉटर सेनिटेशन एंड हाइजीन रिसर्च एंड एजुकेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित युवा समागम 'फ्यूचर गार्डियंस ऑफ बिहारः यूथ क्लाइमेट कॉन्क्लेव' में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए युवा, सरकारी अधिकारी, विकास भागीदार और नागरिक समाज संगठनके प्रतिनिधि एकजुट हुए। इस सम्मेलन जिसका उद्देश्य राज्य में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय स्थिरता की गंभीर चुनौतियों का समाधान करने के लिए युवाओं को सशक्त बनाना था। इसमें विभिन्न स्कूल और कॉलेजों के 500 से अधिक युवाओं और किशोर-किशोरियों सहित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने शिरकत की। अपने मुख्य भाषण में, बिहार सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव मौसम और पानी से परे स्वास्थ्य संकट, जैव विविधता हानि और आर्थिक व्यवधानों तक फैला हुआ है।

ICICI Home Finance | **कॉर्पोरेट कार्यालयः** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400059, भारत
शाखा कार्यालयः 4वीं मंजिल, 401, कनक ब्रजराज कॉम्प्लेक्स, ढक्कनपुरा, कवि रमन पथ, पटना- 800001

[नियम 8(6) के प्रावधान देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नोटिस

वित्तीय संपत्तियों के पुनर्गठन तथा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 13(2) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पढ़ें।

आम जनता और विशेष रूप से कर्जदार(ओं) और गारंटर(ओं) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/प्रभारित है, जिसका **प्रतीकात्मक कब्ज़ा** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड की प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेची जाएगी, जैसा कि नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण में बताया गया है;

क्र. सं.	कर्जदार(ओं) / सह-कर्जदार /गारंटर/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम। ऋण खाता संख्या	सुरक्षित संपत्ति(ओं) का विवरण ज्ञात बोझ सहित, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य	संपत्ति धन निरीक्षण के दिनांक और समय	नीलामी की दिनांक और समय
				बयाना राशि जमा		
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	अनिल कुमार (कर्जदार) जूली देवी (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHPTN00001407128 & LHPTN00001407081	प्लॉट संख्या 566, खाता संख्या 164, थाना संख्या 300 के अंतर्गत, मौजा- जलालपुर, पी.एस. टेकारी, जिला गया में स्थित है।	रुपये 23,61,379/- जून 24, 2024	रुपये 32,42,700/- रुपये 3,24,270/-	अगस्त 05, 2024 11:00 पूर्वाह्न 03:00 अपराह्न	अगस्त 14, 2024 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** की वेबसाइट **(यूआरएल लिंक- https://BestAuction Deal.com)** पर आयोजित की जाएगी। बंधककर्ताओं/नोटिस को **13 अगस्त, 2024 को शाम 05:00** बजे से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया राशि का भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाता(ओं) को बयाना राशि जमा (EMD) RTGS/डिमांड ड्राफ्ट (DD) (कॉलम ई देखें) **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, चौथी मंजिल, 401, कनक ब्रजराज कॉम्प्लेक्स, ढक्कनपुरा, कवि रमन पथ, पटना- 800001** पर या **13 अगस्त, 2024 को शाम 04:00** बजे से पहले जमा करवाना होगा। संभावित बोलीदाता(ओं) को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम व शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, चौथी मंजिल, 401, कनक ब्रजराज कॉम्प्लेक्स, ढक्कनपुरा, कवि रमन पथ, पटना- 800001** पर या **13 अगस्त, 2024 को शाम 05:00** बजे से पहले जमा करवानी होगी। बयाना जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **"आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड- नीलामी"** के पक्ष में **गया** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी की शर्तों और नियमों या निविदाओं के प्रस्तुतीकरण के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** पर या **हमारे बिक्री और विपणन भागीदार नेक्सएक्सन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** से संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया **https://www.icicihfc.com** पर जाएँ।

दिनांक: 12 जुलाई, 2024
स्थान: गया

अधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

विशेष सर्वेक्षण अमीनों के शैक्षणिक प्रशिक्षण का शुभारंभ

पटना/संवाददाता। पटना जिले के लिए सरकार द्वारा नव-नियोजित विशेष सर्वेक्षण अमीनों के शैक्षणिक प्रशिक्षण का शुभारंभ आज हिन्दी भवन स्थित ऑडिटेरियम में किया गया। इस अवसर पर डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया तथा उनके दायित्वों की बारीकियों से अवगत कराया गया। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को पूरी तन्मयता से प्रशिक्षण प्राप्त करने और प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात पूर्ण ईमानदारी से दायित्व निर्वहन की सीख दी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी बंदोबस्त पटना, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारीगण, कानूनगो एवं अन्य भी उपस्थित थे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाएं जन-जागरुकता अभियान : प्रेम

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन को लेकर बैठक

पटना/संवाददाता। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में राज्य में पर्यावरण की स्थिति एवं इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा के लिए बुधवार को बैठक हुई। बैठक में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अध्यक्ष, डॉडीके शुक्ला, सदस्य सचिव एस. चन्द्रशेखर सहित पर्षद् के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। मौके पर प्रेम कुमार ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में प्रत्येक नागरिक का योगदान सुनिश्चित करने और इस के लिए जन जागरुकता अभियान चलाकर आम जनों को पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया। मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के लिए आम आदमी की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संपूर्ण राज्य में व्यापक जन-जागरुकता कार्यक्रम चलाये जाने का निर्देश दिया। सभी प्रमुख स्थलों पर होर्डिंग्स जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित मुख्य बिन्दुओं का उल्लेख हो की स्थापना किये जाने का निर्देश दिया।

बिक्री एवं विपणन सूचना: शत प्रतिशत जल में घुलनशील उर्वरक मिश्रण के लिए

कृषि सहयोग और किसान कल्याण विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी आदेश संख्या एस.ओ. 2900 (ई) दिनांक 24 अक्टूबर, 2015 और इसके संशोधन दिनांक 30 दिसंबर 2017 के अनुसरण में मेसर्स श्रीराम एगस्मार्ट लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय द्वितीय तल, (पश्चिम विंग), वर्ल्ड मार्क -1, एरोसिटी, नई दिल्ली - 110037 भारत (डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की सहायक कंपनी) द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि यह नीचे दिए गए विनिर्देशों के अनुसार जल में शत प्रतिशत घुलनशील ग्रेड वाले उर्वरक के मिश्रण को बेचने का प्रयोजन है।

Sl No.	Grades	'NPK 18:18:18	'NPK 14:05:29	'NPK 05:09:35	'NPK 11:40: 11	'NPKS 13:10: 31:4	'NPKS 08:06: 39:5	' NPKS 05:10: 39:4	'NPK 10:36:16	' NPKS 0:16: 15:10	' NPKS 17:14: 16:5	' NPKS 13:12: 30:4	'NPK 12:42: 13	' NPKS 0:12: 40:10	' NPKS 8:35: 16:4
1	Moisture per cent by weight, Maximum	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5
2	Total Nitrogen per cent by weight, Minimum	18	14	5	11	13	8	5	10	0	17	13	12	0	8
3	Water Soluble Phosphates (as P205) per cent by weight, Minimum	18	5	9	40	10	6	10	36	16	14	12	42	12	35
4	Water Soluble Potash (as K2O) per cent by weight, Minimum	18	29	35	11	31	39	39	16	15	16	30	13	40	16
5	Water Soluble Sulphur as Sulphate per cent by weight, Minimum					4	5	4		10	5	4		10	4
6	Boron (as B) per cent by weight, Minimum														
7	Total Chloride per cent by Weight, Maximum	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5
8	Matter Insoluble in water per cent by weight, Maximum	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5
9	Sodium (as NaCl) per cent by weight, Maximum	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5
10	Lead (as Pb) per cent by weight, Maximum	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003
11	Cadmium (as Cd) per cent by weight, Maximum	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025
12	Arsenic (as As) per cent by weight, Maximum	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01

मात्रा , प्रयोग विधि और लाभों के बारे में अधिक जानकारियों क लिए, कृपया नीचे दिए गए कार्यालय से संपर्क करें
विपणन कार्यालय का पता और संपर्क विवरण: श्रीराम एगस्मार्ट लिमिटेड
प्लॉट नं 82, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 32, गुरुग्राम - 122003, हरियाणा (भारत), सीआईएन संख्या: U24232DL2022PLC401518, ग्राहक सेवा नंबर. 0120 - 4040188, ईमेल: info@shriramagsmart.com, वेबसाइट: www.dcmshriram.com